**शिक्षा निदेशालय, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली**

**मध्यावधि परीक्षा अभ्यास प्रश्न-पत्र (सत्र: 2025-26)**

**विषय: हिंदी  कक्षा: 4**

**अवधि: 2 घंटे** **अधिकतम अंक: 50 अंक**

---

**सामान्य निर्देश:**

- सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
- प्रश्न-पत्र को चार भागों में बाँटा गया है
  - भाग क (पठन) - 10 अंक
  - भाग ख (लेखन) - 10 अंक
  - भाग ग (व्याकरण) - 10 अंक
  - भाग घ (पाठ्यपुस्तक) - 20 अंक
- प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने अंकित हैं।

---

## भाग-क (पठन)

**1.दिए गए अपठित गद्यांश को पढ़िए। (5x1=5)**

नारियल का पेड़ बहुत ही उपयोगी पेड़ है। यह बहुत ही ऊँचा होता है। यह समुद्र के पास रेतीली जमीन पर उगता है। नारियल के फल को श्रीफल भी कहते हैं। इसका पानी बहुत मीठा और स्वादिष्ट होता है। इसका पानी कई बीमारियों में फायदेमंद होता है।

**गद्यांश पढ़कर दिए गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनिए।**

**क. नारियल का पेड़ बहुत_______पेड़ है।**

I. उपयोगी
II. बेकार
III. सुंदर
IV. मोटा

**ख. नारियल का पेड़ कहाँ उगता है?**

I. बंजर भूमि पर
II. पानी पर
III. पहाड़ों पर
IV. रेतीली ज़मीन पर

**ग. नारियल के फल को क्या कहते हैं?**

I. स्वादिष्ट
II. श्रीफल
III. रेत
IV. पानी

**घ. 'दूर' शब्द का विलोम बताइए।**

I. उपयोगी
II. ऊँचा
III. पास
IV. समुद्र

**ङ़ 'जल' शब्द का समानार्थी शब्द है-**

I. जलना
II. मीठा
III. पानी
IV. रेत

**2. 'रिमझिम' पाठ्य पुस्तक से दी गई कविता 'मन के भोले भाले बादल' को पढ़िए। (5x1=5)**

झब्बर-झब्बर बालों वाले, गुब्बारे से गालों वाले
लगे दौड़ने आसमान में, झूम-झूम कर काले बादल।
कुछ जोकर-से तोंद फुलाए, कुछ हाथी-से सूंड उठाए
कुछ ऊँटों-से कूबड़ वाले, कुछ परियों-से पंख लगाए
आपस में टकराते रह-रह, शेरों से मतवाले बादल।
कुछ तो लगते हैं तूफानी, कुछ रह-रह करते शैतानी
कुछ अपने थैलों से चुपके, झर-झर-झर बरसाते पानी
नहीं किसी की सुनते कुछ भी, ढोलक ढोल बजाते बादल।

**कविता पढ़कर दिए गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनिए।**

**क. बादल के गालों की तुलना किससे की गई है?**

I. बालों से
II. कूबड़ से
III. गुब्बारे से
IV. सूंड से

**ख. बादलों की तोंद कैसी है?**

I. जोकर सी

II. हाथी सी

III. ऊँट सी

IV. परियों सी

**ग. बादल आपस में क्या करते रहते हैं?**

I. खेलते

II. टकराते

III. लड़ाई

IV. बातें

**घ. 'गब्बर' शब्द का तुकबंदी शब्द बताइए।**

I. गुब्बारे

II. झूम-झूम

III. झर-झर

IV. झब्बर

**ड़.पंक्तियाँ पूरी कीजिए।**

आपस में टकराते रह-रह

_______________________________________________________।

I. शेरों से मतवाले बादल

II. गुब्बारे से गालों वाले

III. लगे दौड़ने आसमान में

IV. कुछ तो लगते हैं तूफ़ानी

## भाग-ख (लेखन)

**3. 'पापा जब बच्चे थे' पाठ में पापा बड़े होकर कुछ बनना चाहते थे। आप बड़े होकर क्या बनना चाहते हैं ? पत्र लिखकर अपने मित्र को बताइए।** (5)

प्रिय मित्र_______

आशा है तुम ठीक हो।

______________________________________________________________________________

______________________________________________________________________________

______________________________________________________________________________

**अथवा**

**तुम्हारे विद्यालय में मच्छरों से होने वाली बीमारियों से बचने के उपायों पर गतिविधि कराई गई है। उसके बारे में पत्र लिखकर अपने मित्र को बताइए।**

प्रिय मित्र______________________

आशा है तुम ठीक हो। आज हमारे विद्यालय में__________________________________

**4. विद्यालय में आपका पेंसिल बॉक्स कहीं खो गया है। आप उसकी कौन-कौन सी पहचान अपने मित्रों को बताएँगें, जिससे वे उसे खोजने में आपकी सहायता कर सकें।**
**कुछ (4-5) पंक्तियों में लिखकर बताइए। (5)**

**अथवा**

**नीचे दी गई कहानी को पूरा कीजिए।**

एक बार एक जंगल में एक शेर रहता था। वह अपनी गुफा के बाहर सो रहा था। तभी वहाँ एक

## भाग-ग (व्याकरण)

**5. दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** **(5x1=5)**

**क. 'सचमुच' शब्द का प्रयोग करते हुए एक वाक्य बनाइए।**

______________________________________________________________

______________________________________________________________

**ख. रेखांकित शब्द का विलोम शब्द रिक्त स्थान में भरिए।**

हमें सदैव ____________________बोलना चाहिए <u>झूठ</u> नहीं ।

**ग. विशेषण शब्द पर गोला लगाइए।**

नसीरुद्दीन एक भड़कीली अचकन निकाल कर लाए ।

**घ. 'फूल' शब्द के लिए एक समानार्थी शब्द लिखिए**

____________

**ड़ जिस स्कूटर के तीन पहिए हों , उसे ______________________________ कहेंगे।**

**6. दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** **(5x1=5)**

**क. मुहावरे का अर्थ लिखिए**

ईद का चाँद______________________________________________________

**ख. सही वर्तनी शब्द पर गोला लगाइए।**

गुब्बरे गुब्बारे

**ग. क्रिया शब्द पर गोला लगाइए**

गंगा नदी हिमालय से निकलती है।

**घ. शब्दों को हिंदी वर्णमाला के क्रम में लगाकर लिखिए।**

हर्षाओ, पाओ, लहराओ, आओ

**ड़ पापा के पापा को 'दादा' कहते हैं।**

माँ के पापा को __________ कहते हैं।

## भाग-घ (पाठयपुस्तक)

**7. दिए गए प्रश्नों के उतर दीजिए** **(5x2=10)**

**क. पूर्व शब्द के दो अर्थ हैं - एक दिशा और पहले**

जल शब्द के दो अर्थ बताइए। ___________ ___________

**ख. दिया गया वाक्य किसने कहा और किससे कहा था?**

(पाठ-जैसा सवाल वैसा जवाब)

“जहाँपनाह! ज़रूर दूँगा । खुशी से पूछें ।”

किसने कहा- ___________

किससे कहा- ___________

**ग. सही या गलत लिखिए।**

(पाठ दान का हिसाब)

i. राजा सभी को दान देना चाहता था। ________________

ii. हिसाब देखकर मंत्री का चेहरा फीका पड़ गया। ______________

घ. नीचे दिए गए तुकांत शब्दों के जोड़े बनाइए।

| | |
|---|---|
| झूठा | झूम |
| घूम | रूठा |

**ड़. नीचे दी गई पंक्तियों को साफ-सुथरा दोबारा लिखिए।**

नाव बनाओ, नाव बनाओ।

भैया मेरे, जल्दी आओ।

_______________________________________________

_______________________________________________

**8. चौकीदार को रात को भी काम करते हैं। इसके अलावा कोई और तीन काम बताएँ जिनमें रात को जागना पड़ता है ? (पाठ-पापा जब बच्चे थे)** **(3)**

_______________________________________________

_______________________________________________

_______________________________________________

_______________________________________________

**अथवा**

**पापा बड़े होकर क्या-क्या बनना चाहते थे?**

**9. दिनेश को यह बात कैसे पता चली कि गेंद दीपक की नहीं है? (पाठ -किरमिच की गेंद) (3)**

**10. नसीरुद्दीन ने कहा, "चलो दोस्त, मोहल्ले में घूम आएँ।"**

**जब आप अपने दोस्तों से मिलते हो , तब क्या- क्या करते हो? (4)**

**अथवा**

**जमाल साहब अपने मामूली से कपड़ों में घूमने क्यों नहीं जाना चाहते थे?**